web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 05 मार्च 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 157

## आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकसभा में दिल्ली हिंसा पर विपक्ष का हंगामा
**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संसद में लगातार कांग्रेस सहित विपक्षी दल दिल्ली हिंसा पर चर्चा कराने को लेकर हंगामा कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष ने 11 फरवरी को लोकसभा में चर्चा करने और राज्यसभा में 12 फरवरी को चर्चा करने की बात कह रही है। वहीं आज राहुल गांधी ने दिल्ली हिंसा को लेकर चर्चा करने की बात कही है। वहीं लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के साथ कांग्रेस और विपक्ष पार्टियों के सांसदों ने हंगामा मचाना प्रारंभ कर दिया।विपक्ष की मांग है कि दिल्ली हिंसा पर तुरंत चर्चा की जाएगी। वहीं सरकार का कहना है कि वह दिल्ली हिंसा पर अभी नहीं, होली बाद यानी 11 फरवरी को लोकसभा में चर्चा करेगी और राज्यसभा में 12 फरवरी को चर्चा करने के लिए तैयार है। राज्यसभा में बुधवार को दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच उच्च सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### इटली से आए 15 कोरोना संक्रमित आईटीबीपी कैंप में दाखिल
**नईदल्ली (आरएनएस)।** इटली से दिल्ली आए 15 सैलानी कोरोनावायरस से पीड़ित हैं। एम्स ने इसकी पुष्टि कर दी है। इटली से भारत आने पर इन्हें अलग रखा गया था। दिल्ली आने पर एम्स में इनके सैंपल की जांच की गई तो सभी कोरोनावायरस पॉजिटिव पाए गए। इन सभी को छावला के आईटीबीपी कैंप में रखा गया है। कल दोपहर से इन्हें आइसोलेशन में रखा गया है। बता दें कि देश में अब तक कोरोना वायरस के छह पॉजिटिव केस सामने आए हैं। इनमें तीन केरल के थे, जिन्हें उपचार के बाद घर भेज दिया गया। तीन मरीज दिल्ली, जयपुर और तेलंगाना में मिले हैं, जिनका इलाज चल रहा है। तीनों की हालत फिलहाल स्थिर है। जानकारी के अनुसार पिछले दिनों मयूर विहार निवासी दिल्ली के जिस मरीज में भी कोरोना की पुष्टि हुई है, उसने 28 फरवरी की रात बच्चे के जन्मदिन की पार्टी दी थी। पार्टी में 25 परिवार शामिल हुए थे। इनमें नोएडा के भी थे। कुछ के बच्चे नोएडा के निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। इसका खुलासा होने पर नोएडा के दो स्कूलों में एहतियातन अवकाश घोषित कर दिया गया। श्रीराम मिलेनियम स्कूल व बिलाबॉन्ग स्कूल में 6 मार्च तक और शिव नाडर स्कूल में 9 मार्च तक छुट्टी कर दी गई। पांच बच्चों के सैंपल जांच के लिए भी भेजे गए हैं। पूरे स्कूल भवनों और बसों को सैनेटाइज किया जा रहा है। पार्टी वाले होटल के कर्मचारियों को परिवार से अलग रहने को कहा गया है।

### शाहरुख 4 दिन की पुलिस हिरासत में
**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी जिले में हिंसक प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर गोलियां चलाने वाले युवक शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी यूपी के शामली से की है. दिल्ली पुलिस ने शाहरुख की गिरफ्तारी के बाद प्रेस वार्ता की. इस दौरान दिल्ली पुलिस के एडिशनल कमिश्नर अजित कुमार सिंगला ने बताया कि आरोपी शाहरुख को टिक टॉक वीडियो बनाने के अलावा मॉडलिंग और जिम का भी शौक है. उन्होंने यह भी बताया कि शाहरुख ने मौजपुर में पुलिस के सामने 3 गोलियां चलाई थीं. हालांकि उसके पास 5 कारतूस थे. पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास बरामद देशी सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल मुंगेर का बना हुआ था. सिंगला ने यह भी बताया कि पुलिस पिस्टल बरामद करने की कोशिश कर रही है।

### सरकार का राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति बनाने का प्रस्ताव
**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि खुदरा व्यापार के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिहाज से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। लोकसभा में नामा नागेश्वर राव के प्रश्न के लिखित उत्तर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, सरकार ने खुदरा क्षेत्र की वृद्धि में बाधा डालने वाले नियमों और विनियमों को सरल बनाने सहित खुदरा व्यापार के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए एक राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति बनाने का प्रस्ताव रखा है।

## » अब एनआरआई भी लगा सकता है बोली

# एयर इंडिया को बेचने आसान हुए नियम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी एविएशन कंपनी एयर इंडिया की बिक्री से जुड़े नियमों को आसान करने के लिए केंद्र सरकार ने एफडीआई नियमों को आसान करने पर फैसला ले लिया है।



कैबिनेट फैसलों के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि एयर इंडिया की प्रस्तावित रणनीतिक बिक्री के मामले में केंद्र सरकार ने इसमें हिस्सेदारी खरीदने की शर्तों में एक और ढील दे दी है। इसके तहत अब अनिवासी भारतीय भी 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली लगा सकते हैं। जबकि पहले वह केवल 49 फीसदी हिस्सेदारी के लिए ही बोली लगा सकते थे। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में एफडीआई नियमों में बदलाव को लेकर फैसला किया गया है कि अब विदेशी कंपनियां भी आसानी एयर इंडिया के लिए बोली लगा सकती है। इसके अलावा अब एनआरआई एविएशन सेक्टर की कंपनी 100 फीसदी हिस्सेदारी खरीद सकते है। जावड़ेकर ने कहा कि इस फैसले से भारत में निवेश बढ़ेगा।

गौरतलब है कि भारतीय सरकारी विमानन कंपनी एयर इंड़िया पर करीब 60 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। घाटे में चल रही इस सरकारी विमानन कंपनी को देश के औद्योगिक घराना टाटा ने खरीदने की दिलचस्पी दिखाई है। यह भी उल्लेखनीय हे कि सरकार ने इसी वर्ष जनवरी में एयर इंडिया में 100 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की कवायद शुरू की थी। इसके साथ ही कंपनी के एयरपोर्ट कारोबार में 50 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी है। एयर इंडिया की खरीद में रुचि दिखाने वाली कंपनियां 17 मार्च तक अपनी बोली जमा कर सकती हैं। इसके लिए उनकी नेटवर्थ कम से कम 3,500 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

सरकार को अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक इसकी बिक्री प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। टाटा एसआइए के चेयरमैन भास्कर भट ने बताया कि फ्लिहाल एयर इंडिया का मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके बाद बोली में भाग लेने पर फैसला किया जाएगा। टाटा और विस्तारा में से किसी एक की रुचि के सवाल को नकारते हुए उन्होंने कहा कि विस्तार दोनों कंपनियों का साझा उपक्रम है।

### दस बैंको का होगा विलय
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंजूर किये गये कई बड़े फैसलों सरकारी बैंकों के मर्जर करने के प्रस्ताव के तहत 10 सरकारी बैंकों के मर्जर को कैबिनेट से मंजूरी दी गई है। कैबिनेट में सरकारी बैंकों के मर्जर पर हुए फैसले के बाद अब सरकारी बैंकों के मर्जर योजना के तहत 10 बैंकों को मिलाकर 4 बैंक बनाए जाएंगे। पीएनबी के साथ ओबीसी और यूनाइटेड बैंक को मिलाया जाएगा। वहीं कैनरा बैंक और सिंडीकेट बैंक का मर्जर करने के अलावा यूनियन बैंक के साथ आंध्रा बैं और क्रोप बैंक को मिलाया जाएगा। इसी प्रकार इंडियन बैंक और इलाहाबाद बेंक का विलय किया जाएगा।

# कपिल व अनुराग ठाकुर मामले में शुक्रवार को होगी सुनवाई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बीजेपी नेताओं अनुराग ठाकुर, कपिल मिश्रा और परवेश वर्मा के खिलाफ कथित भड़काऊ भाषण के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई. कोर्ट ने इन नेताओं के भड़काऊ भाषणों के रिकॉर्ड दिल्ली हाईकोर्ट को ट्रांसफर कर दिए हैं. सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वो शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करे. बता दें कि हाईकोर्ट ने दिल्ली हिंसा पर सुनवाई की तारीख 13 अप्रैल मुकर्रर की है।



» सुप्रीम कोर्ट का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने इसके पहले बीजेपी नेता कपिल मिश्रा, परवेश वर्मा और अनुराग ठाकुर के खिलाफ याचिका दायर करने वाले पूर्व आईएएस अफसर हर्ष मंदर को उनके बयान के लिए कड़ी फटकार लगाई. प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की बेंच ने कोई भी आदेश देने से पहले याचिकाकर्ता हर्ष मंदर के बयान का ही ट्रांस्क्रिप्शन मांगा. मंदर ने पहले कहा था कि सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा नहीं है, फिर भी हम वहां जा रहे हैं।

कोर्ट ने कहा कि हम हर्ष मंदर को नहीं सुनेंगे. सिर्फ कॉलिन गोंजाल्विस को सुनेंगे. बता दें कि सीनियर वकील कॉलिन गोंजाल्विस दंगा पीड़ितों की तरफ से कोर्ट में पेश हुए हैं. कोर्ट ने मंदर के बयान पर सफाई भी मांगी है। दंगा पीड़ितों की तरफ से कोर्ट में पेश हुए कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा कि बीजेपी सांसद परवेश वर्मा के गोली मारो बयान ने लोगों को उकसाने का काम किया. गोंजाल्विस ने कहा, नेताओं के भड़काऊ बयानों से ही लोग आक्रोशित हुए और हिंसा भड़की. रोजाना 10 लोग मर रहे हैं।

# 2021 की पहली छमाही में लॉन्च होगा चंद्रयान-3

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण का संभावित कार्यक्रम 2021 की पहली छमाही में कार्यान्वित करने की योजना है। प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डा जितेन्द्र सिंह ने लोकसभा में यह जानकारी दी।



रविकुमार डी के प्रश्न के लिखित उत्तर में डा. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि चंद्रयान-3 की तैयारी इससे पहले प्रक्षेपित चंद्रयान-2 से सबक लेते हुए की गई है। इसमें खासतौर पर डिजाइन, क्षमता उन्नयन सहित अन्य बातों का ध्यान रखा गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण किया था। हालांकि इस मिशन के तहत विक्रम लैंडर का चांद की सतह पर उतरने से पहले सम्पर्क टूट गया था। एक अन्य सवाल के जवाब में सिंह ने बताया कि इसरो ने युवा वैज्ञानिकों के लिये एक कार्यक्रम आरंभ किया है। उन्होंने कहा कि इसरो वर्ष 2019 से सरकारी स्कूलों के छात्रों के लिये युवा विज्ञानी कार्यक्रम- युविका नामक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

# क्रिप्टोकरेंसी पर आरबीआई की रोक के खिलाफ याचिकाएं स्वीकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक के 2018 के एक परिपत्र को चुनौती देने वाली याचिकाओं को स्वीकार कर लिया, जिसमें बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित सेवाएं मुहैया करने पर रोक लगाई गई थी। क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल मुद्राएं हैं, जिनमें मुद्रा इकाइयों के बनाने और फंड के लेनदेन का सत्यापन करने के लिए एन्क्रिप्शन तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है और यह व्यवस्था केंद्रीय बैंक से स्वतंत्र रहकर काम करती है। न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, हमने रिट याचिकाओं को अनुमति दे दी है। आरबीआई के छह अप्रैल 2018 के परिपत्र के अनुसार केंद्रीय बैंक द्वारा विनियमित संस्थाओं पर आभासी मुद्राओं से संबंधित कोई भी सेवा प्रदान करने पर रोक है।

# रेलवे के निजीकरण करने का कोई प्रस्ताव नहीं: गोयल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** रेल मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि केंद्र सरकार का रेलवे के निजीकरण का कोई विचार या प्रस्ताव नहीं है।

लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में रेल मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि रेलवे के निजीकरण से हटकर रेलवे का कुछ ट्रेनों का कॉमर्शियल और 'ऑन बोर्ड' सेवाओं का आउटसोर्स करने तथा यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से चुनिंदा मार्गों पर ट्रेन चलाने के लिए आधुनिक रैकों को शामिल करने के चलते निजी कंपनियों को अनुमति देने का प्रस्ताव है। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी एक फरवरी 2020 को संसद में पेश किए गए बजट में 150 ट्रेनों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत चलाने का ऐलान किया है।

उन्होंने ये घोषणा भी की कि कई पर्यटक स्थलों को जोड़ने के लिए आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर तेजस एक्सप्रेस ट्रेनें चलाई जाएंगी। पीयूष गोयल ने संसद को बताया कि ऐसे मामलों में ट्रेन परिचालन और संरक्षा प्रमाणन का उत्तरदायित्व रेलवे के पास रहेगा। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई और अन्य सेवाओं में सुधार करने के लिए स्टेशन की सफाई, पे एंड यूज शौचालय, विश्राम कक्षों, पार्किंग तथा प्लेटफार्म के रखरखाव जैसी सेवाओं का आउटसोर्स जरूरत के आधार पर किया जा रहा है। पीयूष गोयल ने शीतकाली सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा था कि रेलवे को चलाने के लिए अगले 12 साल में अनुमानित तौर पर 50 लाख करोड़ रुपये की पूंजी सरकार अकेले नहीं जुटा सकती।

# बिरसा जैविक उद्यान के बाड़े में गिरा युवक

**रांची (आरएनएस)।** ओरमांझी स्थित बिरसा जैविक उद्यान में बड़ी घटना घटी है. पार्क घूमने के दौरान एक युवक बाघिन के बाड़े में गिर गिया. इसके बाद बाघिन ने 30 साल के युवक को मार डाला. घटना के बाद पार्क में अफरा-तफरी मच गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. युवक के शव को बाड़े से निकाला गया. मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

## » बाघिन का हुआ शिकार



पार्क कर्मचारी ने बताया कि जिस बाघिन ने युवक पर हमला किया, उसका नाम अनुष्का है. जैसे ही युवक बाड़े में गिरा, बाघिन ने उस पर हमला बोल दिया. गला काट डाला. इससे युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान की कोशिश जारी है.

युवक कैसे बाड़े में गिरा, फिलहाल इसकी जांच चल रही है. हालांकि सूचना है कि वह खुद बाड़े में कूद गया. क्योंकि एक दीवार और जाली को पार करने के बाद ही बाड़े तक पहुंचा जा सकता है. एक पार्ककर्मी ने बताया कि युवक बाघिन के बाड़े के केज के पास एक पेड़ पर झूल रहा था. इसी दौरान वह बाड़े में गिर गया. जिसके बाद बाघिन ने उसे मार डाला।

# दिल्ली हिंसा पर हंगामे की भेंट चढ़ी संसद की कार्यवाही

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संसद के बजट सत्र में बुधवार को भी दिल्ली हिंसा को लेकर दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया, जिसके कारण राज्यसभा की कार्यवाही तो शुरू होने के कुछ देर बाद ही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।



» सरकार होली के बाद चर्चा को तैयार

जबकि लोकसभा की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी। हालांकि लोकसभा में इसी हंगामे के के बीच जहां एक विधेयक को पारित किया गया, वहीं कुछ विधेयक पेश भी किये गये। केंद्र सरकार ने लगातार तीन दिन से संसद में चल रहे हंगामे को देखते हुए संसद के दोनों सदनों में दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर होली के बाद चर्चा कराने का प्रस्ताव रखा है, लेकिन विपक्षी दल तत्काल चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा करते रहे। लोकसभा में बुधवार को शुरू हुई कार्यवाही के दौरान तीसरे दिन भी लगातार विपक्षी दलों का हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष हिंसा पर तत्काल चर्चा कराने की मांग कर रहा है और सरकार होली के बाद चर्चा कराने के लिए तैयार हो गई है।

बुधवार को लोकसभा में दिल्ली हिंसा पर जल्द ही चर्चा कराने तथा सरकार से जवाब की मांग कर रहे कांग्रेस, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस और सपा समेत विपक्षी सदस्यों के भारी शोर-शराबे के कारण तीसरे दिन भी प्रश्नकाल नहीं चल सका। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस सहित विपक्षी दल दिल्ली हिंसा के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग करते हुए कांग्रेस सदस्य अध्यक्ष के आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे। उनके हाथों में तख्तियां थी, जिन पर लिखा था कि अमित शाह इस्तीफा दो। कांग्रेस सदस्य 'प्रधानमंत्री जवाब दो' के नारे भी लगा रहे थे। इस बीच, पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने शोर-शराबा करने वाले सदस्यों से अपने स्थान पर जाने तथा कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया।

# क्वांटम सेंसिंग के लिए क्वांटम सिक्कों और कम्प्यूटर के साथ नया परीक्षण

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीनस्थ स्वायत्त निकाय 'रामन अनुसंधान संस्थान (आरआरआई)' के अनुसंधानकर्ताओं ने एन्टैंगलमेंट सिद्धांत का उपयोग करते हुए क्वांटम सिक्का अथवा 'क्यूबिट' की सटीकता जानने के लिए एक नया परीक्षण विकसित किया है, जो क्वांटम कम्प्यूटर में सूचना की बुनियादी या मूल यूनिट है। यह दरअसल क्वांटम की स्थिति की पहचान करने में एक उल्लेखनीय योगदान है, जो क्वांटम सूचना विज्ञान का एक आवश्यक पहलू है। इससे क्वांटम सेंसिंग पर उल्लेखनीय असर पड़ने की आशा है। नए परीक्षण में 'एन्टैंगलमेंट' का उपयोग किया जाता है, ताकि क्वांटम सिक्के की सटीकता का परीक्षण किया जा सके। 'एन्टैंगलमेंट' दरअसल एक विशेष प्रकार का सह-संबंध है जो क्वांटम की दुनिया में मौजूद है और जिसका कोई पारम्परिक समकक्ष नहीं है। आरआरआई के अनुसंधानकर्ताओं ने इस क्वांटम संसाधन का उपयोग किया, ताकि क्वांटम सिक्के (क्यूबिट) की सटीकता जानने के लिए कोई विशिष्ट परीक्षण विकसित किया जा सके। इस रणनीति में 'एन्टैंगलमेंट' का उपयोग किया जाता है और इससे क्वांटम की स्थितियों की पहचान बेहतर ढंग से हो सकती है। अनुकूल स्थिति क्वांटम सेंसरों में अत्यंत अहम होती है।

# शेखावत ने किया स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दूसरे चरण का शुभारंभ

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन और यूनिसेफ का अध्ययन एसबीएम (जी) के कारण ग्रामीण महिलाओं के लिए सुविधा, सुरक्षा और स्वाभिमान में महत्वपूर्ण सुधार का संकेत देता है



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बुधवार को एक राष्ट्रीय प्रसार और परामर्श कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [एसबीएम (जी)] के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया, पेयजल और स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) के सचिव परमेश्वरन अय्यर, प्रधान सचिव/सचिव, ग्रामीण स्वच्छता प्रभारी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के मिशन निदेशक (एसबीएमजी), भारत सरकार के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और एसबीएम (जी) से आमंत्रित राज्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए शेखावत ने एसबीएम (जी) के पहले चरण की बड़ी सफलता की सराहना की और कहा कि कैबिनेट द्वारा मिशन के दूसरे चरण की मंजूरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एसबीएम (जी) की उपलब्धियों को मान्यता है। यह 2 अक्टूबर, 2014 को आरंभ होने के बाद से पिछले पांच वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वभौमिक कवरेज और सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच प्रदान करने का सफल मिशन है।

एसबीएम (जी) का दूसरे चरण का फोकस शौचालय पहुंच और उपयोग के मामले में पिछले पांच वर्षों में कार्यक्रम के तहत प्राप्त लाभ को बनाए रखने पर होगा।

# आतंक का आरोपी टुंडा हैदराबाद मामले में बरी

**हैदराबाद (आरएनएस)।** हैदराबाद में एक कोर्ट ने आतंकवाद के आरोपी सईद अब्दुल करीम उर्फ टुंडा को 1998 हैदराबाद षड्यंत्र मामले में बरी कर दिया। मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने टुंडा को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। बचाव पक्ष के वकील के. सैफुल्ला ने संवाददाताओं को बताया कि कोर्ट ने उनके क्लाइंट को सभी आरोपों से बरी कर दिया।



लश्कर-ए-तैयबा का संदिग्ध सदस्य और बम बनाने में विशेषज्ञ टुंडा 1998 सलीम जुनैद मोड्यूल मामले में आरोपी है, जिसपर हैदराबाद सेंट्रल क्राइम स्टेशन की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने मामला चलाया था।

टुंडा (77) को केंद्रीय एजेंसियों ने 2013 में भारत-नेपाल सीमा पर गिरफ्तार किया था। फिलहाल गाजियाबाद जेल में बंद टुंडा पर देश के विभिन्न स्थानों पर आतंकवाद के मामले चल रहे हैं।

टुंडा ने कथित रूप से युवाओं को भारत में आतंकवादी गतिविधियां करने के लिए प्रशिक्षण दिया था। एक पाकिस्तानी नागरिक जुनैद के साथ उसने कथित रूप से 1998 में गणेश उत्सव के दौरान आतंकवादी हमला करने की योजना बनाई थी।